# श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय
# मैनपुरी 205001 उ0प्र0

(केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त)

(संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी उ0प्र0 से संबद्ध)

विज्ञापन संख्या– 03/2022 दिनांक 16–11–2022

## WALK-IN-INTERVIEW

श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय पंजाबी कॉलोनी, मैनपुरी 205001. उ0प्र0 में योग्य उम्मीदवारों को अतिथि शिक्षक – अंग्रेजी (01 पद), पर्यावरण अध्ययन (01 पद), कंप्यूटर प्रशिक्षक (01 पद) पर चयन के लिए वॉक–इन–इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है। अतिथि शिक्षक के रूप में चयन शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए एक निश्चित अवधि के लिए या नियम के अनुसार अगले आदेश तक अस्थायी आधार पर किया जाना है।

अतिथि शिक्षक हेतु योग्यता, अनुभव, निश्चित पारिश्रमिक और साक्षात्कार का विवरण इस प्रकार है–

| **Position** | **Subjects** | **Strength** | **Remuneration** |
|---|---|---|---|
| **Guest Teacher (s)** | **English** | **01** | A maximum of Rs**. 40,000/-** per month. (For Minimum of 40 hours per month) in the Academic Year 2022-23 or till further orders |
| | **Computer instructor** | **01** | |
| | **Environment Studies** | **01** | Rs. 1500/- per lecture to a maximum of 50 lecture Academic session 2022-23 as per rule. |

न्यूनतम योग्यता–

अतिथि शिक्षकों के लिए योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2018 / केंद्र सरकार के नियमों द्वारा विश्वविद्यालयों / कॉलेजों के सहायक प्रोफेसर के लिए जो निर्धारित हैं उनके समान होनी चाहिए।

अतिथि शिक्षक (अंग्रेजी) के लिए –

**i)** किसी भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित /संगत/ संबद्ध विषय में 55 प्रतिशत अंक के साथ निष्णात उपाधि (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहां प्वाइंट स्केल में समतुल्य ग्रेड) अथवा किसी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से समतुल्य उपाधि।

**ii)** उपर्युक्त अर्हताओं को पूरा करने के साथ–साथ अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा सीएसआईआर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) उत्तीर्ण की हो अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित इसी प्रकार की परीक्षा यथा एसएलईटी /एसईटी उत्तीर्ण की हो अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एमफिल/ पीएचडी उपाधि के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनियम, 2009 अथवा 2016 और समय–समय पर इनमें बाद में किए गए संशोधनों, जैसा भी मामला हो, के अनुसार पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई हो, उन्हें एनईटी/ एसएलईटी/ एसईटी से छूट प्रदान की जाएगी:

*बशर्ते* कि दिनांक 11 जुलाई, 2009 से पूर्व एमफिल/ पीएचडी कार्यक्रम के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान करने वाली संस्थाओं के तत्कालीन विद्यमान अध्यादेशों/ उपनियमों/ विनियमों के उपबंधों द्वारा अभिशासित होंगे। ऐसे सभी पीएचडी धारक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तो को पूरा करने के अध्यधीन विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ संस्थाओं में सहायक आचार्य अथवा समतुल्य पदों पर भर्ती और नियुक्ति के लिए एनईटी/ एसएलईटी/ एसईटी की अपेक्षा से छूट प्रदान की जाएगी :-

(क) अभ्यर्थी को पीएचडी की उपाधि केवल नियमित पद्धति से प्रदान की गई हो;

(ख) पीएचडी शोध प्रबंध का मूल्यांकन कम से कम दो बाह्य परीक्षकों द्वारा किया गया हो;

(ग) पीएचडी के लिए अभ्यर्थी की एक खुली मौखिक परीक्षा आयोजित की गई हो;

(घ) अभ्यर्थी ने अपने पीएचडी कार्य से दो अनुसंधान पत्रों को प्रकाशित किया हो जिनमें से कम से कम एक संदर्भित जर्नल में प्रकाशित हुआ हो;

(ड.) अभ्यर्थी ने वि0अ0आ0/ आईसीएसएसआर/ सीएसआईआर अथवा ऐसी की किसी एजेंसी द्वारा प्रायोजित/ वित्तपोषित / सहायता प्राप्त सम्मेलनों/ विचार गोष्ठियों में अपने पीएचडी कार्यों के आधार पर कम से कम दो पत्रों को प्रस्तुत किया हो;

# श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय
## मैनपुरी 205001 उ0प्र0

(केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त)
(संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय बाराणसी उ0प्र0 से संबद्ध)

विज्ञापन संख्या– 03/2022 दिनांक 16–11–2022

## WALK-IN-INTERVIEW

**अतिथि शिक्षक – कंप्यूटर प्रशिक्षक**

वे उम्मीदवार जिन्होंने 55 प्रतिशत या उससे अधिक के अंको के साथ कम्प्यूटर विज्ञान में एम.टेक / एम.एससी / समकक्ष परा–स्नातक उपाधि (अथवा जहॉ कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहॉ पाइंण्ट स्केल में समतुल्य ग्रेड) उत्तीर्ण की हो वे भी वॉक–इन–इण्टरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित नेट/एसईटी परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एमफिल/पीएचडी उपाधि के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनिमय 2009 अथवा 2016 और समय–समय पर इनमें बाद में लिये गये संशोधनों,जैसा भी मामला हो, के अनुसार पीएच.डी की उपाधि प्रदान की गई हो,

**अतिथि अध्यापक– पर्यावरण अध्ययन –**

वे उम्मीदवार जिन्होंने 55 प्रतिशत या उससे अधिक के अंको के साथ पर्यावरण अध्ययन या समकक्ष विषय में परा–स्नातक उपाधि (अथवा जहॉ कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहॉ पाइंण्ट स्केल में समतुल्य ग्रेड) उत्तीर्ण की हो वे भी वॉक–इन–इण्टरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित नेट/एसईटी परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एमफिल/पीएचडी उपाधि के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनिमय 2009 अथवा 2016 और समय–समय पर इनमें बाद में लिये गये संशोधनों,जैसा भी मामला हो, के अनुसार पीएच.डी की उपाधि प्रदान की गई हो,

**नियम व शर्तें**

01– इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा/जीवनवृत्त के सहित वाक–इन–इण्टरव्यू में भाग ले सकते हैं और सत्यापन के लिए शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव अथवा अन्य योग्यता के मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होगें।

**02– वाक–इन–इंटरव्यू दिनांक 01–12–2022 को प्रातः 10.00 बजे श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय ,पंजाबी कॉलोनी, मैनपुरी (उ.प्र.) 205001 में आयोजित किये जाएगें। उम्मीदवारों को निर्धारित समय से एक घंटे पहले वॉक–इन–इंटरव्यू के लिए उपस्थित होने की सलाह दी जाती है।**

03– अतिथि अध्यापक के रूप में चयन शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए एक निश्चित अवधि के लिए केवल अस्थायी आधार पर किया जाना है।

04– अतिथि शिक्षक किसी अन्य लाभ जैसे पुष्टिकरण, टीए, एचआरए आदि के हकदार नहीं होंगे जो कि महविद्यालय के नियमित कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य है एवं अभ्यर्थी नियमितीकरण/वरिष्ठता के लिए कोई दावा नहीं करेगें।

05– वाक–इन–इण्टरव्यू में भाग लेने के लिए कोई टी.ए./डी.ए. नहीं दिया जायेगा।

06 महाविद्यालय किसी भी कारण निर्दिष्ट किए बिना, निर्धारित समय से पहले किसी भी समय चयन को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

07 महाविद्यालय को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह विज्ञापन के अनुसार अतिथि अध्यापक का चयन करे अथवा नहीं।

08 यदि उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से कोई शिकायत होगी, तो अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय पंजाबी कॉलोनी, मैनपुरी का निर्णय अंतिम होगा।

09 महाविद्यालय के द्वारा जारी पूर्व में दिनांक 18–08–2022 को जारी विज्ञापन के अनुसार कम्प्यूटर प्रशिक्षक के आवेदक भी वाक–इन–इण्टरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं।

**अध्यक्ष**
श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय पंजाबी कालोनी।
मैनपुरी (उ0प्र0) 205001